>

Title: Need to develop a monitoring mechanism to weed out alleged corrupt elements with regard to implementation of social welfare schemes - Laid

**श्री रवि किशन (गोरखपुर):** आदरणीय प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े और जीवन की मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनायें यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर शौचालय योजना इत्यादि चलाई जा रही है ताकि समाज के इस गरीब वर्ग के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन हो सके!

इन योजनाओं के परिणाम स्वरूप गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के जीवन में व्यापक सुधार हुआ है । अब उनके पास जीवन की मूलभूत सुविधायें भी उपलब्ध हैं लेकिन ऐसी जानकारी मिलती रहती है कि आम जनता और योजनाओं को लागू रखने वाले सरकारी कार्यालयों के बीच बिचौलिए का एक तंत्र कथित रूप से विकसित हो गया है! जो योजना की कुल राशि का एक भाग सुविधा प्रदान करने के नाम पर कथित रूप से हड़प लेता है । प्रधानमंत्री जी की ऐसी महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की यह व्यवस्था फल-फूल रही है जिस पर रोक लगाना आवश्यक है । इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर एक निगरानी तंत्र विकसित करना आवश्यक है ।